# गुरु नानक कॉलेज धनबाद

## "Plastic free Public Places Awareness Event"

दिनांक 15-05-2025 दिन बृहस्पतिवार को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के एन एस एस स्वयंसेवक प्रोग्राम ऑफिसर प्रो दलजीत सिंह के साथ धनबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम प्लास्टिक फ्री पब्लिक प्लेस अवेयरनेस कैंपेन में सम्मिलित होने राजेंद्र सरोवर बेकार बांध पार्क में पहुंचे। इस कार्यक्रम के चीफ गेस्ट धनबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के नगर आयुक्त श्री रविराज शर्मा थे उन्होंने मौके पर राजेंद्र सरोवर को नो प्लास्टिक जोन घोषित किया और छात्र-छात्राओं से सिंगल यूज़ प्लास्टिक नहीं इस्तेमाल करने की अपील की। कॉलेज की प्राचार्य डॉ रंजना दास ने धनबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की इस पहल की खूब प्रशंसा की और छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए ऐसे कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। मौके पर छात्र-छात्राओं ने प्लास्टिक के दुष्परिणाम और रोकथाम के उपाय भी सुझाए। कार्यक्रम में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के अंतर्गत कई कॉलेजों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान धनबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के गणमान्य ऑफिसर्स के अलावा सभी स्टाफ मौजूद थे। कार्यक्रम में गुरु नानक कॉलेज धनबाद के 25 एन एस एस स्वयंसेवक शामिल हुए। सभी ने प्लास्टिक के दुष्प्रभाव दर्शाते हुए "आवर स्पेसेस आवर रिस्पांसिबिलिटी, से नो टू प्लास्टिक" विषय पर पोस्टर बनाएं। प्रोग्राम ऑफिसर के साथ-साथ कॉलेज के शिक्षक प्रो अभिषेक कुमार सिन्हा, प्रो सोनू प्रसाद यादव एवं प्रो पीयूष अग्रवाल भी मौजूद थे।


NCAP
LiFE
सरोवर पार्क
SAY NO!






SAY NO!
TO PLASTIC BAGS
USE REUSABLE CLOTH BAGS
HARMFUL FOR ANIMALS
कहें!


USE RECYCLABLE BAGS
DON'T USE SINGLE USE
BAD FOR ANIMALS & BIRDS
PLANT A TREE
BAN!
PLASTIC
WASTE SORTING
SAVE OCEAN


SAY NO TO PLASTIC
STOP
कहें!


राजेन्द्र सरोवर
प्लास्टिक
हमारी
ना कहें!


राजेन्द्र
मुक्त
हमारी
ज़िम्मेदारी
कहें!
निवेदक:
निगम
SAY NO TO PLASTIC


प्लास्टिक मुक्त
हमारी जगह,
प्लास्टिक
कहें!
वेदक: धनबाद


GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
(A Sikh Minority Degree College Affiliated to BBMK University, Dhanbad)
NAAC Accredited 'B' Grade
N.S.S. Units 1 & 2
"NOT ME, BUT YOU"


राजेन्द्र सरोवर पार्क
GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
(A Sikh Minority Degree College Affiliated to BBMK University, Dhanbad)
NAAC Accredited 'B' Grade
N.S.S. Units 1 & 2
"NOT ME, BUT YOU"


राजेन्द्र सरोवर पार्क
GPS Map Camera
Google
Dhanbad, Jharkhand, India
Rc2j+686, Bekarbandh, Forest Colony, Dhanbad,
Jharkhand 826001, India
Lat 23.800247° Long 86.43069°
15/05/25 05:39 PM GMT +05:30

# NEWS CLIPING

समाचार सार

## प्लास्टिक से मुक्ति को युवाओं ने लिया संकल्प



धनबाद के नगर निगम की टीम ने राजेंद्र सरोवर बेकारबांध के पार्क में सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने अभियान चलाया। इस दौरान शपथ लेते लोग ● जागरण

जागरण संवाददाता, धनबाद : नगर निगम की ओर से राजेंद्र सरोवर पार्क में प्लास्टिक फ्री पब्लिक प्लेस अभियान गुरुवार को आयोजित किया गया। उद्देश्य युवाओं को प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने के लिए प्रेरित करना था। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने युवाओं से कहा कि हमें प्लास्टिक के वैकल्पिक उपाय खोजने होंगे। उन्हें अपनाना होगा ताकि हमारा पर्यावरण स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर बन सके। समाज में वास्तविक परिवर्तन तभी आएगा जब हम खुद शुरुआत करें। धनबाद के पीके राय कालेज, गुरु गोविंद सिंह कालेज, एसएलएनटी. कालेज, बीएसएस कालेज एवं धनबाद ला कालेज के छात्र-छात्राएं इस आयोजन में शामिल हुए। छात्रों ने पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणाम और समाधान प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में एसएलएनटी कालेज को प्रथम पुरस्कार, धनबाद ला कालेज को द्वितीय पुरस्कार तथा पीके राय कालेज को तृतीय पुरस्कार मिला। अंत में विद्यार्थियों ने राजेन्द्र सरोवर पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। कचरा संग्रहण और निस्तारण किया।

DAINIK JAGRAN

DATED :- 16-05-2025

## प्लास्टिक फ्री पब्लिक प्लेस कार्यक्रम में स्वच्छता का संकल्प



**धनबाद.** नगर निगम की ओर से गुरुवार को राजेंद्र सरोवर पार्क में प्लास्टिक फ्री पब्लिक प्लेस अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने कहा, कि हमें प्लास्टिक के वैकल्पिक उपाय खोजने होंगे और उन्हें अपनाना होगा. कार्यक्रम में धनबाद के पांच प्रमुख कॉलेज पी के राय कॉलेज, गुरु गोविंद सिंह कॉलेज, एसएलएनटी महिला कॉलेज, बीएसएस कॉलेज एवं धनबाद लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया. छात्रों ने पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणाम और समाधान प्रस्तुत किये. इसमें एसएलएनटी कॉलेज को प्रथम, धनबाद लॉ कॉलेज को द्वितीय पुरस्कार और पीके राय कॉलेज को तृतीय पुरस्कार दिया गया. इसके बाद राजेन्द्र सरोवर पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया.

PRABHAT KHABAR

DATED :- 16-05-2025

## छात्र-छात्राओं ने प्लास्टिक छोड़ने का लिया संकल्प

धनबाद | प्लास्टिक के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए गुरुवार को बेकारबांध स्थित राजेंद्र सरोवर में प्लास्टिक फ्री पब्लिक प्लेस कार्यक्रम हुआ। इसमें शामिल पांच कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने को प्रेरित किया गया। सबने पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने कहा कि हमें प्लास्टिक के वैकल्पिक उपाय को अपनाना होगा ताकि हमारा पर्यावरण स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर बने। थैले का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने को प्रेरित किया। इस दौरान पीके राय कॉलेज, गुरुनानक कॉलेज, एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, बीएसएस महिला कॉलेज और धनबाद लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्लास्टिक दुष्परिणाम को दिखाया और बचने का उपाय भी बताए। विद्यार्थियों को पुरस्कार भी दिया गया।

DAINIK BHASKAR

DATED :- 16-05-2025